पेज थ्री देहरादून

विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते हुए मुख्यमंत्री।

देहरादून शनिवार 6 जून 2020

पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड 35 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

**संवाददाता** देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वार्ड 35 श्री देव सुमन नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विकास बेनवाल ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बीजेपी कैंट विधानसभा के जीएमएस, मंडल मीडिया प्रमुख विकास बेनवाल ने कहा कि आज हमें अपने पर्यावरण को बचाना होगा, साथ ही जिस प्रकार से प्रकृति से की गई छेड़छाड़ के कारण सब कुछ असंतुलित हो गया है उसे सामूहिक प्रयासों से हमें पृथ्वी को वापस उसका स्वारुप लौटाना होगा और फिर से उसे हरा भरा बनाना होगा, अन्यथा भविष्य में इसके गंभीर परिणाम दुनिया को भुगतने होंगे।

### एकता कपूर से पदमश्री सम्मान वापस लिए जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। फिल्म निर्मात्री एकता कपूर से भारत के चौथे सर्वेच्च सम्मान पदमश्री को वापस लिये जाने की मांग को लेकर भैरव सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। आज भैरव सेना के जिला संगठन मंत्री मुन्ना बजरंगी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे भैरव सेना के कार्यकर्ता एक्स एक्स एक्स नामक वेब सीरीज जिसमें कि भारतीय सेना एवं उनकी पत्नियों के बारे में गलत दृश्य दिखाएं गए हैं, जिसके कारण भारतीय सेना में सेवा दे रहे जवान और उनके परिवारों में काफी रोष और मानसिक तनाव है।

### प्रीतम सिंह ने जरुरतमन्द लोगों को वितरित की खाद्यान्न किट

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने आज विधानसभा मसूरी क्षेत्र अंतर्गत विकास खंड सहसपुर के ग्राम पंचायत घघोड़ा में प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली द्वारा कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ किये जा रहे राहत व बचाव कार्यों का निरीक्षण कर उनके द्वारा उपलब्ध कराये गए खाद्यान्न किट को जरुरतमन्द लोगों को वितरित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के इस संकट के दौर में आज प्रदेश सरकार कहीं कुछ करती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

### श्रम कानूनों में संशोधन के खिलाफ धरना जारी

**संवाददाता** देहरादून। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का श्रम कानूनों में संशोधन तथा उप्पा के अंतर्गत गिरफ्तार किए सामाजिक कार्यकर्ताओं व छात्रों की रिहाई की मांग को लेकर 24 वें दिन धरना जारी रहा। फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल ने कहा कि भाजपा श्रमिकों व किसानों के हितों की बात कहने वाली पार्टी ही इसके उल्टा इनका आचरण रहा है।

# क्वारंटाइन उल्लंघन पर कैबिनेट मंत्री महाराज को नोटिस

**कोरोना संकट**

प्रदेशभर में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 1200 के पार

309 लोग पूरी तरह से चुके हैं स्वस्थ हो

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में दिन–ब–दिन कोरोना संक्रमण का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को 62 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद प्रदेशभर में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 1215 हो गए हैं। हालांकि इनमें से 344 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 871 केस एक्टिव हैं। वहीं, शुक्रवार को हाईकोर्ट ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज को क्वारंटाइन के नियमों के उल्लंघन मामले में नोटिस जारी किया है। साथ ही तीन हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं।

**चंपावत में दो लोग कोरोना पहृजिटिवः** चंपावत जिले में भी कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। लोहाघाट में दो और कोरोना संक्रमित मिल हैं, जिन्हें भागीरथी इंस्टिट्यूट में क्वारंटाइन किया गया है। जिले में दो नए मरीज सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या 38 हो गई है।

**निरंजनपुर मंडी सील, दून में शनिवार–रविवार बंदीः** दून में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने न सर्फ निरंजनपुर सब्जी मंडी को बंद करने के निर्देश जारी कर दिए, बल्कि देहरादून नगर निगम क्षेत्र के बाजार को भी शनिवार व रविवार बंद रखने को कहा है। इस क्रम ने जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने तत्काल प्रभाव से विधिवत आदेश भी जारी कर दिए हैं।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव के आदेश के अनुसार, निरंजनपुर सब्जी मंडी को फिलहाल 11 जून तक के लिए सील कर दिया गया है। वहीं, सब्जी मंडी के दो और ब्लॉक को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। मंडी परिसर में अब कुल पांच ब्लॉक कंटेनमेंट जोन बन चुके हैं। अग्रिम आदेश तक मंडी के सभी आढ़ती, कार्मिक, श्रमिक और क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को घर पर ही क्वारंटाइन रहने को कहा गया है। 11 जून को हालात की समीक्षा की जाएगी और फिर मंडी को खोलने का निर्णय लिया जाएगा।

उधर, अब हर शनिवार और रविवार को दून नगर निगम क्षेत्र के बाजार बंद रहेंगे। सिर्फ अति आवश्यक सेवा से संबंधित प्रतिष्ठान ही खोले जा सकेंगे। इन दोनों दिन नगर निगम शहरभर में स२निटाइजेशन करेगा। जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में फल–सब्जी की आपूर्ति को वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं। इस दौरान बाजार में कालाबाजारी करने वालों पर भी नजर रखी जाएगी और छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

### कोरोना संक्रमति मरीजों के शव दफनाने का विरोध

एम्स ऋषिकेश में दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत के बाद इनके शव को रानीपोखरी के रेनापुर क्षेत्र में दफनाए जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इसके बाद अब प्रशासन ने खांड गांव और ढाल वाला की ऊपरी क्षेत्र में जगह देखी थी, लेकिन सभी जगह कुछ न कुछ अड़चन आ गई। उप जिलाधिकारी प्रेम लाल ने बताया कि जिला प्रशासन ने अब एक शव को तेलीवाला और दूसरे शव को देहरादून के चंद्रनगर कब्रिस्तान में दफनाने का फैसला लिया है। दोनों शव को एम्स की मोर्चरी में रखा गया है।

### दून के लिए फुल प्रूफ प्लान तैयार किया जाएः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने देर सांय सीएम आवास में आयोजित बैठक में देहरादून में कोविड–19 के संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देहरादून के लिए फुल प्रूफ प्लान तैयार किया जाए। शनिवार व रविवार दो दिन देहरादून के बंद रहने के दौरान व्यापक सेनेटाईजेशन करवाना सुनिश्चित किया जाए। फिजिकल डिस्टेंस को बनाए रखने के लिए ज्यादा भीड़ भाड़ वाली जगहों पर अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। कंटेनमेंट जोन पर सख्ती से नजर रखी जाए। यथासंभव टेस्टिंग बढाई जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेशेंट केयर मेनेजमेन्ट पर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कोरोना संक्रमण के प्रति संवेदनशील वृद्ध जनों, गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों पर विशेष ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमितों की कान्टेक्ट ट्रेसिंग में लीकेज न हो। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमण से सुरक्षा सुनिश्चित हो। जहां भी फिजीकल डिस्टेंसिंग, मास्क की अनिवार्यता व अन्य मानकों का उल्लंघन हो वहां सख्त कार्रवाई की जाए। आमजन की जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## 20 से 23 जून के बीच में होंगी बोर्ड की शेष परीक्षाएं

**ऐलान**

■ शिक्षा मंत्री ने बोर्ड की बची हुईं परीक्षाओं की नई तारीखों का ऐलान

देहरादून। **संवाददाता**



वैश्विक महामारी कोविड–19 के चलते हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं पर पिछले डेढ़ माह से छाए संशय के बादल छंट गए। यह परीक्षाएं अब 20 से लेकर 23 जून के बीच में होंगी। शुक्रवार को गोविंदपुर स्थित अपने आवास में पत्रकारों से रूबरू शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने बोर्ड की बची हुईं परीक्षाओं की नई तारीखों का एलान किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अधीनस्थ जितने भी क्वारंटाइन सेंटर बनाए गए थे, उन सभी को 15 जून को विभाग अपने कब्जे में ले लेगा।

15 जून से लेकर 19 जून तक ऐसे सभी क्वारंटाइन सेंटर का सैनिटाइजेशन किया जाएगा। इसके अगले चरण में 20 से लेकर 23 जून तक हर हाल में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की छूटी हुई बोर्ड परीक्षाओं को संपन्न कराया जाएगा। इस आशय के निर्देश संबंधित विभाग को जारी कर दिया गया है। हालांकि देखने वाली बात होगी कि छूटे हुई 13 विषयों की परीक्षाएं इतने कम दिनों में कैसे संभव हो पाएंगी।

प्रेसवार्ता के दौरान एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री पांडेय ने बताया कि जर्जर दिनेशपुर– मटकोटा मार्ग की मरम्मत के लिए बजट की स्वीकृति करा दी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जबकि गूलरभोज नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाली नई बस्ती–कोपा लाल सिंह लिंक मार्ग सहित गूलरभोज–कॉलोनी नंबर दो रोड का निर्माण शुरू करने व काम में तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए हैं।

### महाराज पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी से मिला और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड–19 महामारी वैश्विक रूप धारण कर चुका है। इस महामारी से उत्तराखंड भी अछूता नहीं है। कोविड–19 महामारी के दौरान आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत लॉकडावन उल्लंघन करने पर मुकदमे दर्ज किये गये जिसमें हत्या व गैर इरादतन हत्या तक के मुकदमे हैं। इस अवसर पर दल का स्पष्ट मानना है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत की जाने वाली कार्यवाही केवल आमजन के लिए है रसूखदार लोगों को तो इस अधिनियम से दूर रखा जा रहा है, जो खेद पूर्ण है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।